प्रेस नोट

यूपी एटीएस द्वारा 2,49,500 रु. मूल्य की उच्च गुणवत्ता (High Quality) की भारतीय जाली मुद्रा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक : 11 दिसंबर , 2019

दिनांक 11.12.19 की प्रातः यू०पी० एटीएस को रेलवे स्टेशन गाज़ियाबाद, जनपद-गाज़ियाबाद से भारतीय जाली मुद्रा (FICN) का अवैध कारोबार करने वाले एक अभियुक्त को 2,49,050 रु. मूल्य की उच्च गुणवत्ता की भारतीय जाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

उ.प्र. एटीएस को विगत काफी दिनों से मालदा(पश्चिम बंगाल) से लाकर उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली एनसीआर में भारतीय जाली मुद्रा के अवैध कारोबार करने वाले गैंग के सम्बन्ध में अभिसूचना मिल रही थी। इस अभिसूचना को एटीएस द्वारा विकसित करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त मो. मुराद पुत्र मो. अनवर निवासी रामनगर कटिहार, बिहार, हालपता – झंडापुर, साहिबाबाद, जनपद-गाज़ियाबाद उच्च गुणवत्ता वाली भारतीय जाली मुद्रा(HIGH QUALITY FICN) को माल्दा से लाकर उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली एनसीआर में डिलीवरी करने वाला है| तदनुसार UP ATS द्वारा उक्त अभियुक्त को दिनांक 11.12.19 को प्रातः रेलवे स्टेशन गाज़ियाबाद से 2,49,500/- रुपये मूल्य की भारतीय जाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया |

इस गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में मु.अ.सं. 09/19 अंतर्गत धारा- 489ए,489बी.489सी आई.पी.सी. थाना- एटीएस , जनपद-लखनऊ पर दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

मो. मुराद पुत्र मो. अनवर
निवासी : रामनगर,जनपद- कटिहार, बिहार
हाल पता : झंडापुर, साहिबाबाद, जनपद-गाज़ियाबाद

बरामदगी

1. 500 के 99 नोट = 49,500 रुपये मूल्य की भारतीय जाली मुद्रा।
2. 2,000 के 100 नोट = 2,00,000 रुपये मूल्य की भारतीय जाली मुद्रा।
3. मोबाईल- 01 अदद (स्मार्ट फ़ोन)

प्रारंभिक पूछताछ विवरण :

- मो. मुराद माल्दा (पश्चिम बंगाल) से भारतीय जाली मुद्रा (FICN) लाकर उत्तर प्रदेश एवं एनसीआर में अवैध डिलीवरी करता है।

अग्रिम पूछताछ के बिंदु

- जाली मुद्रा का स्रोत क्या है ?
- भारतीय जाली मुद्रा के इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करना।
- जाली मुद्रा को उत्तर प्रदेश एवं एनसीआर के अलावा और कहाँ-कहाँ सप्लाई करता है ?